Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 अक्तूबर , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-october-2020

टिमिया बोबोस और क्रिस्टीना म्लादेनोविच

हाल ही में हंगरी की टिमिया बोबोस (Timea Babos) और फ्रां ँस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच (Kristina Mladenovic) की जोड़ी ने पेरिस में चिली की एलेक्सा गुआराची (Alexa Guarachi) तथा अमेरिका की देसिरे क्रैवस्जीक (Desirae Krawczyk) की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराकर लगातार दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ ही टिमिया बोबोस और क्रिस्टीना म्लादेनोविच की जोड़ी एक ही सीज़न में दो बड़ी जीत हासिल करने वाली दूसरी महिला युगल टीम बन गई है। इससे पहले वर्ष 2018 में बारबोरा क्रेजिकोवका तथा करेनिना सिनाकोव की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में जीत हासिल कर यह रिकॉर्ड बनाया था। फ्रेंच ओपन चार ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट्स में से एक है, अन्य तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट्स हैं- विंबलडन, यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन। इन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट्स का आयोजन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (ITF) द्वारा किया जाता है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया

12 अक्तूबर, 2020 को समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। राम मनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च, 1910 को ब्रिटिशकालीन भारत में संयुक्त प्रांत के अकबरपुर में हुआ था। भारतीय समाजवादी राजनीति और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में डॉ. लोहिया का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वर्ष 1934 में डॉ. लोहिया भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के अंतर्गत एक वामपंथी समूह कॉन्ग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (CSP) में शामिल हुए और उन्होंने पार्टी की कार्यकारी समिति में कार्य करने के साथ-साथ उसकी साप्ताहिक पत्रिका का संपादन भी किया। उन्होंने ब्रिटेन द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में भारत को शामिल करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया, जिसके कारण उन्होंने 2 बार क्रमश: वर्ष 1939 और वर्ष 1940 में जेल जाना पड़ा। इसके बाद वर्ष 1942 और वर्ष 1944–46 में उन्हें ब्रिटिश सरकार विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण फिर जेल जाना पड़ा। वर्ष 1948 में लोहिया एवं अन्य CSP सदस्य कॉन्ग्रेस से अलग हो गए तथा वर्ष 1952 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य बने, किंतु वर्ष 1955 में कुछ मतभेदों के कारण यह पार्टी भी छोड़ दी। वर्ष 1963 में लोहिया लोकसभा के लिये चुने गए और 12 अक्तूबर, 1967 में उनका निधन हो गया।

श्रीकांत दातार

भारतीय मूल के प्रसिद्ध शिक्षाविद और अर्थशास्त्री श्रीकांत दातार (Srikant Datar) को हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल (Harvard Business School) का नया डीन नियुक्त किया गया है। भारत में जन्मे श्रीकांत दातार प्रतिष्ठित हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल के 112 वर्ष के इतिहास में 11वें डीन हैं और वे 1 जनवरी, 2021 से पदभार ग्रहण करेंगे।

श्रीकांत दातार ने वर्ष 1973 में बॉम्बे विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद चार्टर्ड एकाउंटेंट (CA) के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से सांख्यिकी और अर्थशास्त्र में अपनी मास्टर डिग्री प्राप्त की तथा बाद में वहीं से बिज़नेस में पीएचडी भी किया। वर्ष 1996 में हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल में फैकल्टी के रूप में शामिल होने के बाद उन्होंने वहाँ कई महत्त्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है।

मध्य प्रदेश में शहरी सेवाओं के लिये ऋण समझौता

एशियाई विकास बैंक (ADB) और भारत सरकार ने मध्य प्रदेश के शहरी इलाकों में बेहतर सेवा वितरण के लिये जलापूर्ति और सीवेज प्रबंधन संबंधी बुनियादी ढाँचे को विकसित करने और शहरी स्थानीय निकायों (ULB) को मज़बूत करने के लिये 270 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किये हैं। यह ऋण समझौता मध्य प्रदेश शहरी सेवा सुधार परियोजना के दायरे को बढ़ाने के लिये एक अतिरिक्त वित्तपोषण समझौता है, जिसे वर्ष 2017 में शुरू किया गया था। ध्यातव्य है कि मध्य प्रदेश सरकार की यह परियोजना चयनित शहरों में निवासियों के लिये बुनियादी जल और स्वच्छता संबंधी सेवाओं तक पहुँच प्रदान कर उनकी जीवंतता में सुधार करेगी। एशियाई विकास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है, जिसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को एशिया में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में एशियाई विकास बैंक (ADB) के कुल 68 सदस्य देश हैं, जिनमें से 49 एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हैं।